दिनांक—07.10.2024 समय—7.10एएम

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :—

- मुख्यमंत्री ने कहा नशे के खिलाफ हर कार्रवाई में प्रदेश सरकार सभी केन्द्रीय एजेंसियों के साथ सहयोग के लिए प्रतिबद्ध।
- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा— प्रदेश के रेल बजट के लिए इस साल 14 हजार 700 करोड़ रूपये का प्रावधान।
- उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर का लड्डू प्रसाद जांच में पाया गया शुद्ध।
- ग्वालियर में टी20 क्रिकेट मैच में भारत ने बांग्लादेश को सात विकेट से हराया।

मुख्यमंत्री — ड्रग्स

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नशे के खिलाफ हर कार्यवाही में प्रदेश सरकार सभी केंद्रीय एजेंसियों और प्रदेश सरकारों के सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने गुजरात सरकार के गृह राज्यमंत्री द्वारा किये गये ट्वीट पर कृतज्ञता व्यक्त की है। गुजरात सरकार के गृह राज्यमंत्री हर्ष संघवी ने अपने टवीट में लिखा है कि गुजरात एटीएस और एनसीबी दिल्ली द्वारा भोपाल में की गई संयुक्त कार्यवाही के दौरान मध्यप्रदेश पुलिस के द्वारा सराहनीय मदद की गई। इस ऑपरेशन की आगे की इन्वेस्टीगेशन में भी मध्यप्रदेश पुलिस गुजरात एटीएस की निरंतर मदद कर रही है। उल्लेखनीय है कि एक बड़ी कार्रवाई में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने गुजरात आतंकरोधी दस्ते के सहयोग से भोपाल से एक हजार आठ सौ करोड़ रूपए से अधिक कीमत के मादक पदार्थ जब्त किये हैं। इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। ये मादक पदार्थ भोपाल के निकट बगरोदा गांव के एक कारखाने से बरामद किये गये हैं। गुजरात के गृह राज्य मंत्री ने मादक पदार्थ के विरूद्ध लड़ाई में गुजरात एटीएस और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की सराहना की है।

मध्य प्रदेश रेल बजट

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस साल के बजट में 14,700 करोड रुपए का प्रावधान मध्य प्रदेश में रेल के विकास के लिए किया गया है। श्री वैष्णव, कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के जौरा अलापुर और कैलारस स्टेशन के मध्य आमान परिवर्तन के बाद नवनिर्मित रेलखंड का लोकार्पण एवं तीन नई गाड़ियों की विस्तारित सेवा के शुभारंभ अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश मे पिछले 10 वर्षों में 222 किलोमीटर की नई रेल लाइन परियोजनाएं, 1200 किलोमीटर की मल्टी—ट्रैकिंग परियोजनाएं और 707 किलोमीटर की गेज परिवर्तन परियोजनाएं पूर्ण हुई हैं। प्रदेश में कनेक्टिविटी में सुधार करने के साथ ही आपदा प्रबंधन और परियोजना निगरानी के लिए ड्रोन और जीपीएस ट्रैकर्स का इस्तेमाल कर सुरक्षा भी बढ़ाई गई है। यह काम भारत में पहली बार किया गया है। यात्री सेवाएं देने के साथ ही ग्वालियर और खजुराहो स्टेशन का पुनर्विकास भी किया जा रहा है। रेल मंत्री ने बताया कि ग्वालियर—श्योपुरकला आमान परिवर्तन प्रोजेक्ट अगले वर्ष जुलाई 2025 तक पूरा कर लिया जाएगा।

पर्यटन ग्राम सम्मानित—चंदेरी अच्छी खबर

देश के केंद्रीय पर्यटन मंत्रालय ने अंतरराष्ट्रीय पर्यटन दिवस पर मध्य प्रदेश के तीन पर्यटन ग्रामों को सम्मानित किया है। अशोकनगर जिले का पर्यटन क्षेत्र चंदेरी के ' प्राणपुर ' ग्राम को अपनी उत्कृष्ट शिल्प कला को लेकर इसमें स्थान मिला है। इस संबंध में पेश है हमारे अशोकनगर संवाददाता की रिपोर्टः—

अशोक नगर जिले की पर्यटन नगरी चंदेरी एक बार फिर सम्मानित हुई है। चंदेरी से 4 की.मी की दूरी पर बसा प्राणपुर ग्राम, को यह सम्मान अपनी उत्कृष्ट शिल्प कला को लेकर दिया गया है। दरअसल चंदेरी को शिल्प नगरी कहा जाए तो अतिशयोक्ति न होगा। बुनकर हेमराज ने आकाशवाणी को बताया कि .......

दरसल देश के ग्रामीण अंचल में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 2023 में सर्वश्रेष्ठ पर्यटन ग्राम प्रतियोगिता की शुरुआत की गई थी। इस प्रतियोगिता का मकसद देश के उन ग्रामों की पहचान करना था जो समुदाय आधारित मूल्य के जरिए, देश की सांस्कृतिक और प्राकृतिक संपत्ति को सहेज रहे हैं। सुभाष कुमार द्विवेदी, कलेक्टर, अशोकनगर ने बताया कि .....

प्राणपुर के बुनकरो की उत्कृष्ट शिल्प कला, लूम पर बुनाई की परंपरागत शैली से चंदेरी को विश्व स्तरीय पर्यटन में शामिल होने का एक तमगा और लग गया है।

अशोकनगर से आकाशवाणी, समाचार के लिए मैं नीरज शुक्ला ..

स्कूटी दल

रतलाम में पुलिस विभाग द्वारा बालिका सुरक्षा के लिए महिला पुलिस स्कूटी दल गठित किया गया है। इसके द्वारा पेट्रोलिंग सुनिश्चित की गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार नवरात्रि पर्व के दौरान गरबा खेलने आने जाने वाली बालिकाओं एवं महिलाओं की सुरक्षा के लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के अन्य कई प्रबंध भी सुनिश्चित किये हैं। महिला पुलिस स्कूटी दल को कल पुलिस अधीक्षक अमित कुमार द्वारा हरी झंडी दिखाई गई। स्कूटी दल शहर में नवरात्रि त्यौहार दौरान शाम 7 बजे से रात्रि एक बजे तक सभी गरबा पांडालों के आसपास भ्रमण करेगी।

उज्जैन–लड्डू प्रसाद

उज्जैन के ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर मंदिर में मिलने वाला लड्डू प्रसाद जांच में एकदम शुद्ध पाया गया है। खाद्य सुरक्षा नियमों के 13 मानकों में यह प्रसाद खरा उतरा है। उज्जैन संभाग आयुक्त संजय गुप्ता ने बताया कि लड्डू प्रसाद की भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण की मान्यता प्राप्त कुछ प्रयोगशालाओं में 13 विभिन्न प्रकार की जांच की गई। प्रसाद में किसी तरह की मिलावट नहीं पाई गई है। उन्होंने बताया कि तिरुपति में उपजे विवाद के बाद महाकालेश्वर लड्डू प्रसाद की जांच की गई। लड्डू यूनिट प्रभारी पीयूष त्रिपाठी ने बताया कि वर्ष 2003 में मंदिर परिसर के ही एक कमरे में प्रसाद बनाया जाता था। बाद में प्रसाद की शुद्धता को देखते हुए इनकी मांग बढ़ने लगी। 2015 में एफएसएसएआई ने लड्डू प्रसाद की जांच कर इसकी गुणवत्ता के आधार पर फाइव स्टार रेटिंग दी। 2016 में चिंतामण गणेश रोड पर महाकाल लड्डू प्रसादम यूनिट शुरू की गई थी। आम दिनों में हर दिन यहां 25 से 30 क्विंटल लड्डू बनाए जाए जाते हैं।

उमरिया–प्रतिक्रिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा देश के जनजातीय बाहुल्य जिलों में प्रधानमंत्री ग्राम उन्नत योजना का शुभारंभ किया गया है, जिसमें जनजाति बाहुल्य आकांक्षी जिलों के गांवों में संपूर्ण विकास किया जाएगा, आदिवासी बाहुल्य उमरिया जिले को भी प्रधानमंत्री द्वारा लागू की गई इस योजना में शामिल किया गया है। योजना को लेकर जिले के हितग्राहियों ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया है।

नवरात्र

आज शारदीय नवरात्र का पांचवा दिन है आज स्कंधमाता की पूजा की जाती है। प्रदेश के सभी देवी मंदिरों में सुबह से पूजा अर्चना का दौर जारी है। वहीं देर रात तक गरबा पांडालों में विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जा रही है। खंडवा में मां नवचंडी देवीधाम शक्तिपीठ नवरात्रि का पर्व सनातन परंपरा अनुसार उल्लास और उत्साह से मनाया जा रहा हें। वहीं केसरिया ग्रुप द्वारा भंडारी पब्लिक स्कूल में गरबा महोत्सव आयोजित हो रहा है। मैहर, देवास, उज्जैन, दतिया में देवी मंदिरों में भी दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे है। इंदौर और भोपाल में भी कई स्थानों पर गरबों का आयोजन जारी है।

क्रिकेट–टी20

ग्वालियर में तीन टी–20 मैचों की क्रिकेट श्रृंखला के पहले मैच में कल भारत ने बांग्लादेश को सात विकेट से हरा दिया। भारत ने केवल ग्यारह ओवर और पांच गेंद में तीन विकेट खो कर 128 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया।

इससे पहले भारत ने टॉस जीत कर गेंदबाजी का फैसला किया। भारत की ओर से अर्शदीप सिंह और वरुण चक्रवर्ती ने तीन–तीन विकेट लिये।

हार्दिक पंड्या ने 16 गेंदों में नाबाद 39 रन की विजयी पारी खेली जबकि संजू सैमसन और सूर्यकुमार यादव ने 29–29 रन बनाए। भारत और बांग्लादेश के बीच दूसरा टी–20 मैच बुधवार को शाम 7 बजे से दिल्ली में खेला जाएगा।

समाचार संक्षेप में .....

- मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय भोपाल में लोक गायन पर केंद्रित गतिविधि "लोककंठ" का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें कल कल्याणी मिश्रा द्वारा बघेली, स्वाति उखले द्वारा मालवी, कविता शर्मा और ऋषि विश्वकर्मा द्वारा बुंदेली लोक गीतों और भजनों की प्रस्तुति दी गई।
- कटनी में नशा मुक्त भारत अभियान के माध्यम से 8 अक्टूबर तक चलाए जा रहे मद्य निषेध सप्ताह के तहत विभिन्न कार्यक्रमों द्वारा छात्र–छात्राओं से संवाद किया जा रहा है।
- इंदौर एवं आस–पास के क्षेत्रों के सभी पूर्व सैनिकों, वीरनारियों, पूर्व सैनिक विधवाओं एवं आश्रितों का मासिक सैनिक सम्मेलन 9 अक्टूबर को जिला सैनिक कल्याण कार्यालय जयरामपुर कालोनी इंदौर में आयोजित होगा।
- आगरमालवा जिले में सुसनेर मार्ग पर कल देर शाम एक ट्रक ने बाईक सवार को कुचल दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है।
- शिवपुरी जिले के जनपद पंचायत पिछोर में आकांक्षी ब्लाक संपूर्णता सप्ताह अभियान का समापन किया गया। कार्यक्रम के दौरान एसडीएम पिछोर शिवदयाल धाकड़ द्वारा सभी विभागों के अधिकारी तथा कर्मचारियों को समय सीमा मे कार्य करने पर सराहना की है।
- सीहोर स्थित प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आजाद शासकीय स्नातकोत्तर अग्रणी महाविद्यालय की एनएसएस इकाई के तत्वावधान में नशा मुक्ति के लिए जन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

....................................